# प्री बोर्ड परीक्षा 2020

## कक्षा-10

## विषय- सामाजिक विज्ञान

समय- 3:00 घंटा) (पूर्णांक-80

**निर्देश-**

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक अर्थात् कुल अंक 32 निर्धारित हैं।

(3) प्रश्न क्र. 06 से 23 तक प्रत्येक में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं।

(4) प्रश्न क्र. 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं। (शब्द सीमा 30 शब्द)

(5) प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आवंटित हैं। (शब्द सीमा 75 शब्द)

(6) प्रश्न क्र. 20 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं।

(7) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित हैं। (शब्द सीमा 120 शब्द)

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

1. निम्नलिखित में से ज्वारीय ऊर्जा किस प्रकार का संसाधन नहीं है -

(अ) पुनःपूर्ति योग्य

(ब) मानवकृत

(स) अजैव

(द) अचक्रीय

2. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण क्या है -

(अ) गहन खेती

(ब) अधिक सिंचाई

(स) वनोन्मूलन

(द) अति पशुचारण

3. राष्ट्रवाद को चित्रों के माध्यम से दर्शाने वाला फ्रांसीसी कलाकार हैं -

(अ) इमेनुएल II

(ब) हेब्स वर्ग

(स) फ्रेड्रिक सारयु

(द) मेटसिनी

4. स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान वीर सेनानी भगत सिंह ने कौन-सा प्रसिद्ध नारा दिया था-

(अ) दिल्ली चलो

(ब) करो या मरो

(स) इंकलाब जिंदाबाद

(द) स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है

5. इनमें से लोकमत के मार्ग में बाधा है -

(अ) जातिवाद

(ब) शिक्षा

(स) जागरूकता

(द) स्वतंत्रता

6. घरेलू बाजार में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का प्रवेश किसके लिए हानिकारक साबित हो सकता है -

(अ) सभी बड़े पैमाने पर उत्पादक

(ब) सभी घरेलू उत्पादक

(स) सभी उत्पादक

(द) सभी छोटे पैमाने के उत्पादक

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(1) भारत में सघन वन क्षेत्र ......... प्रतिशत हैं।

(2) जिला मार्ग की सड़कों का निर्माण व रखरखाव ......... द्वारा किया जाता है।

(3) पूर्ण स्वतंत्रता का प्रस्ताव .......... में पारित हुआ था।

(4) छपाई के लिए कंपोज करने वाला ......... कहलाता था।

(5) भारत की वर्तमान पंचायती राज व्यवस्था ........ संवैधानिक संशोधन पर आधारित हैं।

(6) 2011 की जनगणनानुसार महिला साक्षरता दर ......... प्रतिशत है।

(7) आई.एस.आई. ............ का सुरक्षा चिन्ह हैं।

प्रश्न 3. निम्नलिखित की सही जोड़ी बनाइए -

1. स्टेपलर (i) श्रीलंका

2. फुलर (ii) ऊन को छाटने वाला

3. सिंहली समुदाय (iii) चीन

4. फेडेकोर (FEDECOR) संगठन (iv) अहमदाबाद

5. अलोकतांत्रिक देश (v) बोलीविया

6. सूती वस्त्र उद्योग का केन्द्र (vi) चुन्नटों से कपड़े समेटने वाला

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए -

(1) मरुस्थलीय मृदा का रंग कैसा होता है?

(2) सिंहों का प्राकृतिक आवास स्थल कहाँ है?

(3) जालवेराइन क्या था?

(4) कॉर्न ला क्या था?

(5) यूरोपीय संघ का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

(6) शपथ पत्र से क्या आशय है?

(7) भारत में सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन-सा है?

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के सत्य/असत्य बताइए -

(1) महासागरीय जल अलवणीय होता है।

(2) मार्टिन लूथर प्रोटेस्टेंट धर्म सुधारक थे।

(3) ईसाई धर्म की शाखाएँ कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट में विभाजित हैं।

(4) भारतीय स्टेट बैंक करेंसी नोट जारी करता है।

(5) सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र हैं।

(6) चाय की झाड़ियों को उगाने के लिए वर्ष भर कोष्ण, नम और पाला रहित जलवायु की आवश्यकता पड़ती हैं।

प्रश्न 6. संसाधनों के अति दोहन से उत्पन्न हुई कोई दो समस्याएँ लिखिए।

अथवा

एजेंडा 21 क्या है ?

प्रश्न 7. जैव विविधता किसे कहते हैं?

अथवा

आरक्षित वन किसे कहते हैं?

प्रश्न 8. जूट को सुनहरा रेशा क्यों कहा जाता है?

अथवा

रबी एवं खरीफ की फसलों में कोई दो अन्तर लिखिए।

प्रश्न 9. औद्योगिक क्रान्ति से क्या आशय है।

अथवा

जॉबर मजदूरों पर किस तरह नियंत्रण रखने लगे?

प्रश्न 10. पंचांग किसे कहते हैं।

अथवा

गैली से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न 11. एफ्रो अमेरिकी से क्या आशय है?

अथवा

अश्वेत शक्ति आन्दोलन से क्या था ?

प्रश्न 12. तानाशाही सरकार की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।

अथवा

लोकतंत्र की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 13. मुद्रा को विनिमय के माध्यम से क्या में क्यों स्वीकार किया जाता है ?

अथवा

वस्तु विनिमय प्रणाली से क्या आशय है ?

प्रश्न 14. विदेशी व्यापार को परिभाषित कीजिए।

अथवा

वैश्वीकरण के दो दुष्परिणाम लिखिए ।

प्रश्न 15. उपभोक्ता जागरूकता से क्या अभिप्राय है ?

अथवा

उपभोक्ता शोषण से बचने के दो उपाय लिखिए।

प्रश्न 16. खनिजों के संरक्षण की आवश्यकता क्यों होती हैं?

अथवा

धात्विक और अधात्विक खनिजों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 17. औद्योगिक अवस्थिति को प्रभावित करने वाले तीन मानवीय कारक लिखिए।

अथवा

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों का योगदान लिखिए।

प्रश्न 18. ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारत में बुनकरों पर निगरानी रखने के लिए गुमाश्तों को क्यों नियुक्त किया?

अथवा

सूरत बंदरगाह अठारहवीं सदी के अन्त तक हाशिए पर पहुँच गया था। स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 19. लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

अथवा

लोकतंत्र में राजनीतिक दल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कथन को तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 20. भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए -

(1) सिंगरौली

(2) कल्पक्कम

(3) तारापूर

(4) बैलाडीला

अथवा

भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए -

(1) छोटा नागपुर का पठार

(2) अंकलेश्वर

(3) रानीगंज

(4) विजयपुर

प्रश्न 21. जलियावाला बाग हत्याकाण्ड की घटना का सविस्तार वर्णन कीजिए।

अथवा

गाँधीजी के अनुसार सत्याग्रह के विचार की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 22. लोकतंत्र के समक्ष प्रमुख चुनौतियाँ कौन-कौनसी है?

अथवा

राजनीतिक सुधारों के लिए कौन-कौन से कदम उठाए जाने चाहिए? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 23. वस्तुओं के मानकीकरण का क्या अर्थ है? विभिन्न उत्पादों के मानकीकरण को प्रतीक चिन्हों से प्रदर्शित कीजिए।

अथवा

उपभोक्ता जागरूकता से क्या आशय है? इसकी आवश्यकता हमें क्यों पड़ती हैं?

प्रश्न क्र. 20 हेतु मानचित्र –

